दीराजस्थानस्मॉलइण्डस्ट्रीजकॉरपोरेशन लि0
(राजस्थान सरकारका संस्थान)
उद्योगभवन, तिलकमार्ग, सी–स्कीम, जयपुर
302005,फोन–0141–2227267, फैक्स–0141–5115766,
वैबसाइटःwww. rajsico.in/ webmail, E-mail-rajsico@rajsico.in
CIN:- U91110RJ1961SGC001118

# वातानुकूलित यन्त्रों के रख रखाव
# सम्बन्धी निविदा प्रपत्र

## निविदाप्रपत्र

वर्ष 2022–23

दी राजस्थान स्माल इण्डस्ट्रीज कारपोरेशन लि0,
उद्योग भवन,तिलक मार्ग,सी–स्कीम,
जयपुर–302005

दीराजस्थानस्मॉलइण्डस्ट्रीजकॉरपोरेशन लि0
(राजस्थान सरकारका संस्थान)
उद्योगभवन, तिलकमार्ग, सी–स्कीम, जयपुर
302005,फोन–0141–2227267, फैक्स–0141–5115766,
वैबसाइट:www. rajsico.in/ webmail, E-mail-rajsico@rajsico.in
CIN:- U91110RJ1961SGC001118

# निविदा सूचना

निगम के उद्योग भवन स्थित मुख्यालय, राजस्थली, जयपुर एयर कारगो कॉम्प्लेक्स, सांगानेर, आईसीडी जयपुर जोधपुर/भीलवाडा में लगे वातानूकूलित यंत्रों के वार्षिक रख रखाव एक वर्षीय अनुबंध पर दिये जाने बाबत दिनांक 13.4.22 को दोपहर 1.00 बजे तक रजिस्टर्ड फर्म/ ठेकेदार से निविदाऐं प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन सायं काल 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लि0 उद्योग भवन, तिलकमार्ग, सी–स्कीम, जयपुर से प्राप्त कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट www. rajsico.gov. in **देखें**।

महाप्रबंधक

राजस्थान लघु उद्योग निगम लि0 (राजसिको) एवं जयपुर स्थित इकाईयों में वातानुकूलित यन्त्रों के रख–रखाव सम्बन्धी अनुबन्ध की निविदादाता हेतु विस्तृत शर्तेः–

1–निविदादाता को राजस्थान लघु उद्योग निगम लि0 (राजसिको) एवं जयपुर स्थित इकाईयों के वातानुकूलित यन्त्रों के रख–रखाव व मरम्मत का कार्य करना होगा।

2–निविदादाता को प्रत्येक 15दिवस में सम्बन्धित यन्त्रों की देख रेख व रख रखाव हेतु राजसिको, मुख्यालय एवं जयपुर व बाहर स्थित इकाईयों में विजिट का कार्य करना अनिवार्य होगा। विजिट रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर यह माना जावेगा कि आप द्वारा संयन्त्रों के रख रखाव का कार्य नहीं किया गया है। इस कारण उक्त अवधि की राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा। निविदा में देय भुगतान राजसिको एवं सम्बन्धित इकाईयों के सभी एयर कण्डीशनरों की पूर्ण सर्विस वर्ष में चार बार तिमाही के आधार पर की जायेगी।

3–मुख्यालय एवं इकाईयों द्वारा आवश्यकतानुसार अवगत कराने पर निविदादाता को सम्बन्धित यन्त्रों को अधिकतम तीन दिन की अवधि में ठीक करना अनिवार्य होगा।

4–निविदादाता द्वारा देख रेख के अभाव में अथवा लापरवाही के कारण तकनीकी खराबी एवं गैस लीक होने पर अपने स्तर से ठीक करानी होगी जिसका व्यय निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा।

5–रख–रखाव के समय हुये किसी भी प्रकार के नुकसान का उत्तरदायित्व द्वितीय पक्ष (निविदादाता) का होगा।

6–उपरोक्त में से कोई यन्त्र मरम्मत के लिए कार्यालय से बाहर ले जाना आवश्यक होने पर निविदादाता को उसकी एवज में दूसरा यन्त्र उक्त समयावधि के लिए कार्यालय में स्थापित करना होगा।

7–निविदादाता द्वारा कोई यन्त्र मरम्मत के लिए कार्यालय से बाहर ले जाने की स्थिति में अधिक से अधिक सात दिवस में पुनः कार्यालय/ईकाई में स्थापित करना होगा। उक्त यन्त्र बाहर ले जाने व पुनः स्थापित करने का समस्त खर्चा निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा।

8–निविदादाता द्वारा कोई यन्त्र कार्यालय से बाहर ले जाने की स्थिति में मार्ग में दुर्घटनाग्रस्त होने या किसी प्रकार का नुकसान तथा चोरी आदि की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। जिसकी पूर्ण क्षतिपूर्ति निविदादाता द्वारा की जायेगा।

9–निविदादाता द्वारा मरम्मत कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं करने पर रू0 500/–प्रतिदिन के हिसाब से हर्जाना निगम/निगम की इकाईयों में जमा कराना होगा।

10–कार्यसन्तोषप्रद न होने की दशा में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुबन्ध समाप्त किया जा सकेगा।

11–सफल निविदादाता को रू0 500/–के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर निविदा में देय शर्तो का अनुबन्ध करना होगा।

12–निविदादाताओं को राज्य सरकार के किसी कार्यालय में किसी तरीके के कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र (कम से कम 5 कार्यालय का) पेश करना अनिवार्य है। जिसमें कम से कम दो वर्ष तक संतुष्टीपूर्ण कार्य किया हो।

13–मशीन के कलपुर्जे इत्यादि की सर्विस मरम्मत का कार्य अनुबन्धित फर्म को स्वयं के खर्चे पर करना होगा।

14–वातानुकूलित यन्त्रों के खराब कल पुर्जे ओरीजनल निर्माता के अनुबन्धित फर्म को स्वयं के खर्चे पर लगाने होगें।

15–किसी भी विवाद के संबंध में अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक का निर्णय अन्तिम मान्य होगा।

16–निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा लिफाफे पर कार्य का नाम स्पष्ट अक्षरो में अंकित करना होगा। निविदादाता को निविदा देने से पूर्व अमानता राशि के रूप में 4000/– (अक्षरे रूपये चार हजार) बैंकड्राफ्ट द्वारा दी राजस्थान स्माल इण्डस्ट्रीज कारपोरेशन लि0,जयपुर के पक्ष में जमा करानी होगी जो निविदा स्वीकार नहीं होने पर लौटा दी जावेगी। निविदा स्वीकार होने पर यह राशि अमानता की राशि कार्य सम्पादन प्रतिभूति में समायोजित कर ली जावेगी। जिस पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

17–निविदा फार्म प्राप्त करने हेतु निम्न दस्तावेजों की सत्यापित छाया प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी फर्म का दुकान एवं वाणिज्यक अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन/सेवाकर (जो भी लागू हो)/पार्टनरशिप डीड,पावर आफ एर्टानी कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र एवं जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र।

18–यदि निगम/निगम की इकाईयों के अनुबन्ध अवधि में अनुबन्धकर्ता की लापरवाही से किसी प्रकार की हानि होती है तो उक्त हानि की वसूली अनुबन्ध कर्ता से धरोहर राशि से कर ली जावेगी।

19–अनुबन्ध अवधि समाप्त होने पर अनुबन्धकर्ता द्वारा समस्त सयन्त्रों का चार्ज बिल्कुल सही सलामत संचालित हालत में नए अनुबन्धकर्ता को सम्भलवाना होगा।

20–फर्म का सन्तोष जनक कार्य होने के उपरान्त ही भुगतान त्रैमासिक बिल के आधार पर देय होगा।

21– अनुबंध अवधि एक वर्ष की होगी। कार्य संतोषजनक होने पर आपसी सहमति से यह तीन माह बढाई जा सकती है।

22– अन्य शर्त/नियम जीएफ एण्ड एआर, राजस्थान उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार रहेगें।

निगम मुख्यालय एवं निविदा में अंकित इकाईयों के रख रखाव का कार्य उपरोक्त शर्तो पर करने को सहमत हूँ।

हस्ताक्षर
पूरा पताः–
स्थानीय पताः–
स्थाई पताः–

उपरोक्त निविदा से सम्बन्धित सभी शर्ते मैने/हमने पढ ली है और ये शर्ते एवं निर्दिष्ट कार्य मुझे/हमें स्वीकार है उक्त कार्य हेतु रू0 वार्षिक होगे जिन्हें त्रैमासिक किस्तो में प्राप्त किया जाना प्रस्तवित है।
हस्ताक्षर निविदादाता

नाम/फर्म
स्थाई पता
दूरभाषनम्बर

# निविदा फार्म

1 प्रेषक

| | | |
|---|---|---|
| क | निविदा प्राधिकारी का नाम | |
| ख | पता | |
| ग | दूरभाष नम्बर | |
| | फैक्स नम्बर | |

2 निविदा संदर्भ : राजसिको / जी.ए.सी. / 2022–23 /                    दिनांक

3.

| | | |
|---|---|---|
| क | निविदादाता का नाम (फर्म का नाम) | |
| ख | संबंधित व्यक्ति का नाम | |
| ग | पंजीकृत कार्यालय का पता | |
| घ | दूरभाष नम्बर एवं मोबाइल नम्बर | |
| ङ | फैक्सनं. | |

4 दी गई दरें अनुबन्ध में अंकित दिनांक से 12 माह के लिए प्रभावी होगी तथा इन दरों व अनुबन्ध को आपसी सहमति से फर्म की संतोषप्रद सेवाओं के प्रमाण–पत्रों के आधार पर बढाया जा सकेगा।

5 अमानत राशि जमा कराने का विवरणः–

| | अमानत राशि जमा | संख्या | दिनांक |
|---|---|---|---|
| क | ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक (स्थानीय) | | |

6 निविदा शर्त संख्या 17 पर अंकित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां

हस्ताक्षर

निविदादाता फर्म का नाम एवं पता.................

..........................................

..........................................

दूरभाष / मोबाइलनम्बर

# <u>निविदा दरें</u>

राजसिको, (मुख्यालय) जयपुर ,आई.सी.डी. सांगानेर (जयपुर), जोधपुर/भीलवाडा एयर कारगो काम्पलेक्स, सांगानेर, एवं राजस्थली, एम.आई.रोड, जयपुर में लगे वातानुकूलित यन्त्रो, प्लान्ट, स्पिलिट ए.सी.के वार्षिक रख रखाव वर्ष 2022–23 के लिए संलग्न देय शर्तो पर सहमति व्यक्त करते हुए मैं निम्न दरों पर कार्य करने को सहमत हूँ ।

| क्रसं | इकाई का नाम | वतानुकूलित यन्त्र व क्षमता | मात्रा | दर प्रति नग | कुल राशि (वार्षिक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसिको, उद्योग भवन, जयपुर | 1 विण्डो एयर कण्डीशनर 1.5 टन (विभिन्न कम्पनियों के) | 3 नग | | |
| | | 2 स्पिलिट ए.सी. 1.5 टन ए.सी. | 2 नग | | |
| | | 3 डेकिन 1.8 टन ए.सी. | 4 नग | | |
| | | 4 डेकिन 1.5 टन ए.सी. | 4 नग | | |
| 2 | आई.सी.डी. सांगानेर (जयपुर) | वातानुकूलितयन्त्र वोल्टाज विण्डो 1.5 टन | 8नग | | |
| 3 | एयर कारगोकाम्पलेक्स, सांगानेर | 1 वातानुकूलित यन्त्र वोल्टाज 2.0 टन विण्डो | 4 नग | | |
| | | 2 वातानुकूलित यन्त्र वोल्टाज विण्डो 1.5 टन | 4नग | | |
| 4 | राजस्थली,एम.आई. रोड,जयपुर | 1 हिटेची वातानुकूलित (एस.आई. टी.सी.ए.सी.) 16.4टन | 1 नग | | |
| | | 1 हिटेची वातानुकूलित (एस.आई. टी.सी.ए.सी.) 11.टन | 4नग | | |
| | | डेकिन 1.5 टन ए.सी. | 16 नग | | |
| | | कुल योग | 50 | | |

जीएसटी प्रतिशत में पृथक से दर्शायी जानी है।

हस्ताक्षर

निविदादाता फर्म का पता................................

..........................................

..........................................

दूरभाष /मोबाइलनम्बर

जयपुर दिनांक 2022